तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **घनश्याम बनाम लो.सू.अ. (तहसीलदार, लूणी)** सू.अ.अ. अपील संख्या : 34/2022	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
01.04.2022	अपीलार्थी घनश्याम पुत्र श्रीराम निवासी प्लॉट न. 05, पूर्वी आरती नगर, पाल गांव, जिला जोधपुर (राज.) ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 06.01.2022 में उसके द्वारा (1) तहसीलदार कार्यालय लूणी में सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत लोक सूचना अधिकारी का नाम व पदनाम (2) तहसीलदार कार्यालय लूणी में आरटीआई एप्लीकेशन प्राप्त करने हेतु संधारित पंजिका/रजिस्टर की दिसंबर 2021 की प्रमाणित प्रतिलिपि एवं अन्य बिन्दू से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार, लूणी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार, लूणी) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, लूणी) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना से 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	

Signature Not Verified
Digitally signed by Himanshu Gupta
Date: 2023.03.10 17:29:20 IST
Reason: SelfAttested